**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 07.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून न्याय प्रकिया को मजबूती देने में काफी कारगर सिद्ध होंगे।
2. द्वीपसमूह में बिजली की आपूर्ति में सुधार के लिए विद्युत विभाग की ओर से कई उपाय किए जा रहे हैं।
3. विश्व जूनोसेस दिवस के अवसर पर कल स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया ।
4. भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाले जाने के सिलसिले में आज द्वीपसमूह में भी पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
5. विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम. वी. स्वराजद्वीप के आज दिन में बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून न्याय प्रक्रिया को मजबूती देने में काफी कारगर सिद्ध होंगे और त्वरित सजा का ऐलान होगा। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि ट्रायल और जांच पूरी होने के बाद पैंतालीस दिनों के भीतर सजा का ऐलान करने का नए कानून में प्रावधान किया गया है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह में बिजली की आपूर्ति में सुधार के लिए विद्युत विभाग की ओर से कई उपाय किए जा रहे हैं। मांग को पूरी करने के लिए बम्बूफ्लाट में पी पी ए के तहत दस मेगावाट और पांच मेगावाट क्षमता के दो किराए पर लिए गए संयंत्र स्थापित किए गए हैं। दो बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं पाईप लाइन में है और इसके दो हजार छब्बीस तक शुरू हो जाने की संभावना है। इससे ग्रिड में स्थिरता आएगी। दीर्घकालिक योजनाओं के तहत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय ग्रिड का द्वीपसमूह तक विस्तार करने पर काम कर रहा है। बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्षा स्थापित किया गया है। शिकायतों के लिए लोग व्हाट्सऐप नम्बर–नौ पांच तीन एक आठ दो दो दो शून्य–शून्य पर कॉल कर सकते हैं। शिकायत मिलते ही संबंधित साइट कार्यालयों में निर्धारित समय अवधि के दौरान समाधान करने के लिए इसकी सूचना दी जाएगी। विद्युत विभाग ने लोगों से भी ऊर्जा की सही तरीके से इस्तेमाल करने और बिजली की बर्बादी रोकने का अनुरोध किया है। चुनौतियों के बावजूद विभाग की ओर से बिजली आपूर्ति को सामान्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><><>

विश्व जूनोसेस दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने पशुओं से मानव में जूनोटिक बीमारियों के फैलने के लक्षण और इनके असरदार बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वच्छता अपनाते हुए जूनोटिक के संक्रमण से बचने के लिए पशुधन और पालतू जानवरों का नियमित देखभाल करने का अनुरोध किया। वीडियो के माध्यम से जूनोटिक बीमारी के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड की प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेजा पी. ने इस तरह की बीमारियों से बचने के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए टीकाकरण और अच्छी तरह से हाथ धोने तथा जंगली या आवारा मवेशियों से दूर रहने को कहा। आयुर्वेद की चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. त्रिवेणी मंजु ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><><>

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के सिलसिले में द्वीपसमूह में भी आज पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस्कॉन मंदिर में आज सुबह चार बजे मंगला आरती के साथ पूजा आरंभ हो गई है। दिन में ग्यारह बजे आरती के बाद छप्पन भोग लगाया जाएगा और दिन में दो बजे रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रातरापुर, पत्थरगड्ढा होते हुए भातुबस्ती तक जाएगी। उत्कल समाज की ओर से आज सुबह साढ़े आठ बजे से पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिन में बारह बजे से भोग का वितरण किया जाएगा और दो

बजे राजस्थान मंदिर से रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। श्री श्री हरिनाम सेवा संघ की ओर से आज दिन में ढाई बजे राधा गोविन्द मंदिर जोड़ा किलान से भातुबस्ती राधे श्याम मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आज से चौदह जुलाई तक भातुबस्ती के राधे श्याम मंदिर में शाम छः बजे से राथेर मेला और नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा तथा प्रसाद का वितरण भी होगा।

<><><><><><>

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ एस एस ए आई ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। खाद्य प्राधिकरण की चौवालिसवीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, दो हजार बीस में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके द्वारा उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है।

<><><><><><>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल कहा कि चिकित्सा परामर्श समिति – एम सी सी ने वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा नीट यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों का काउंसिलिंग कार्यक्रम अभी अधिसूचित नहीं किया है। मंत्रालय ने कहा है कि काउंसिलिंग कार्यक्रम एम सी सी परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के सीट मानकों को अंतिम रूप देने के बाद अपनी वेबसाइट पर घोषित करेगा।

<><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम. वी. स्वराजद्वीप के आज दिन में बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में साढ़े छः सौ से अधिक यात्री सवार है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

उधर, एम वी भारत सीमा की कल सुबह सात बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान होकर कार–निकोबार की यात्रा के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। अब यह जहाज कल सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में दो हजार चौबीस बैच के सामान्य प्रायोजन रेटिंग पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए चुने गए उम्मीदवारों को जानकारी दी जाती है कि पाठ्यक्रम की शुरूआत संस्थान का विवरण डी.जी. शिपिंग वेबसाईट में अपडेट हो के बाद की जाएगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से समय–समय पर आपातकालीन सेवाएं भी द्वीपवासियों को प्रदान की जाती रही है। स्वास्थ्य शिविरों के अलावा कई अन्य तरह के शिविर आयोजित कर लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैम्पबेल–बे में पीड़ित एक तीन वर्षीय बच्चे को इलाज के लिए इस केन्द्र में लाया गया। इस दौरान कैम्पबेल–बे में चल रहे स्वास्थ्य शिविर में ड्यूटी पर तैनात भारतीय नौसेना के सर्जिकल विशेषज्ञ सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर नवीन कुमार को सहायता के लिए बुलाया गया। पन्द्रह मिनट के भीतर नाक में घुसे दाने को निकाला गया।

<><><><><><>